उत्तरांचल शासन
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
संख्याः 1635 /XXXVIII(1)/173–वि0प्रौ0/2005
देहरादून : दिनांकः 21 सितम्बर, 2005

## अधिसूचना

प्राकृतिक संसाधन प्रबन्धन, आपदा व्यवस्था तथा ग्राम्य विकास तथा सुदूर शिक्षा, एवं ई–गर्वेनेंस आदि के क्षेत्र में राज्य को समृद्व एवं खुशहाल बानाये जाने तथा विज्ञान एवं अंतरिक्ष के क्षेत्र में राज्य को अग्रणी एवं प्रभावशाली बनाये जाने के उद्वेश्य से अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र उत्तरांचल (U-SAC) की स्थापना किए जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं ।

2– अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र उत्तरांचल (U-SAC) की स्थापना के साथ–साथ उक्त केन्द्र की कार्यकारणी समिति निम्नवत् गठित किए जाने की भी श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मुख्य सचिव, उत्तरांचल शासन | अध्यक्ष |
| 2. | अपर मुख्य सचिव, उत्तरांचल शासन | सदस्य |
| 3. | प्रमुख सचिव/सचिव, गृह, उत्तरांचल शासन | सदस्य |
| 4. | प्रमुख सचिव/सचिव, वन एवं पर्यावरण, उत्तरांचल शासन | सदस्य |
| 5. | प्रमुख सचिव/सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, उत्तरांचल शासन | सदस्य |
| 6. | निदेशक, अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र, अहमदाबाद | सदस्य |
| 7. | निदेशक, अर्थ आब्जर्वेशन सिस्टम, अंतरिक्ष मुख्यालय, बेंगलौर | सदस्य |
| 8. | निदेशक, एन0आर0एस0ए0, हैदराबाद | सदस्य |
| 9. | प्रमुख आर0आर0एस0एस0सी0, देहरादून | सदस्य |
| 10. | भारत के महासर्वेक्षक, देहरादून | सदस्य |
| 11 | निदेशक, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्, उत्तरांचल देहरादून । | सदस्य |
| 12. | निदेशक, वाडिया हिमालय भू–विज्ञान संस्थान, देहरादून | सदस्य |
| 13. | निदेशक, भारतीय भूगर्भ संस्थान, देहरादून | सदस्य |
| 14. | निदेशक, भारतीय वन सर्वेक्षण विभाग, देहरादून | सदस्य |
| 15. | निदेशक, अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र, उत्तरांचल देहरादून । | सदस्य– सचिव |

अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र, उत्तरांचल के निदेशक जो उपरोक्त समिति के सदस्य–सचिव भी हैं, U-SAC के Operational & Administrative दायित्वों का निर्वहन करेंगें।

3– उक्त केन्द्र की स्थापना का मुख्य उद्वेश्य इस केन्द्र के महत्वपूर्ण विभाग यथा – सुदूर संवेदन तकनीक, भगौलिक सरंचना तंत्र एवं उपग्रह संचार राज्य को विज्ञान तकनीक एवं संसाधन प्रबन्धन के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के साथ ही साथ राज्य में विकास कार्यो की रूप रेखा तैयार करने एवं संसाधन प्रबन्धन में समय एवं धन की बचत भी करना होगा ।

अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र उत्तरांचल (U-SAC) को सोसाईटी रजिस्ट्रेशन एक्ट, 1860 के प्रावधानों के अन्तर्गत पंजीकृत कराया जायेगा तथा इसका मुख्यालय देहरादून में होगा।

5— अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र उत्तरांचल (U-SAC) एक स्वायत्तशासी संस्थान के रूप में उत्तरांचल शासन के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अधीन संचालित होगा।

6— अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र उत्तरांचल (U-SAC) की विभागीय संरचना का गठन वित्त विभाग/कार्मिक विभाग, उत्तरांचल शासन के परामर्शोपरांत पृथक से किया जायेगा ।

(डा0 एस0एस0 सन्धू)
सचिव।

पृष्ठांकन संख्याः 1635 /XXXVIII(1)/173—वि0प्रौ0/2005, तद्‌दिनांकित :—

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित :—

1— समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तरांचल शासन।
2— सचिव, अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र, भारत सरकार, नई दिल्ली।
3— समस्त मण्डलायुक्त, उत्तरांचल।
4— समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तरांचल।
5— समस्त जिलाधिकारी, उत्तरांचल।
6— वरिष्ठ कोषाधिकारी, देहरादून ।
7— स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उत्तरांचल शासन।
8— स्टाफ आफिसर, अपर मुख्य सचिव, उत्तरांचल शासन।
9— निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तरांचल।
10— निजी सचिव, मा0 मंत्री, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, उत्तरांचल शासन।
11— उपनिदेशक, राजकीय मुद्रणालय, रूड़की, जिला—हरिद्वार।
12— निदेशक, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तरांचल।
13— अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र उत्तरांचल के कार्यकारिणी के समस्त सदस्यगण् ।
14— गोपन अनुभाग ।
15— एन0आई0सी0 उत्तरांचल शासन ।
16— प्रमुख आर0आर0एस0एस0सी0,कालीदास रोड़ देहरादून ।
17— गार्ड—फाइल ।

आज्ञा से,

(डा0 एस0एस0 सन्धू)
सचिव।